हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, शनिवार 21 मार्च 2026

11 पॉलिटेक्निक खेलकूद में औशल्या और निकेश विजेता



12 बारिश व तेज हवा से 10 हजार एकड़ फसल बिछी



## पेंशन संबंधी समस्याओं के लिए 25 मार्च को कैंप

**बहादुरगढ़।** सामाजिक सुरक्षा पेंशन से जुड़े मामलों के स्थायी समाधान के लिए उपायुक्त स्वप्निल रविंद्र पाटिल के दिशा-निर्देशानुसार 25 मार्च को बहादुरगढ़ स्थित खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी (बीडीपीओ) कार्यालय परिसर में एक विशेष कैंप का आयोजन किया जाएगा। इस कैंप का उद्देश्य पेंशनधारकों को आ रही समस्याओं का मौके पर ही समाधान करना है। एसडीएम बहादुरगढ़ अभिनव सिवाच ने बताया कि कई लाभार्थियों के बैंक खाता संख्या और आईएफएससी कोड में बदलाव हुआ है, जिससे पेंशन मिलने में परेशानी आ रही है।

## दिल्ली की सीएम ने सपरिवार किए माता भीमेश्वरी देवी के दर्शन



**झज्जर।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को चैत्र नवरात्र के दूसरे दिन माता भीमेश्वरी देवी के अंदर वाले मंदिर पहुंचकर सपरिवार माता के दर्शन किए और विधिवत पूजा अर्चना की। देवी मंदिर के प्रमुख पुजारी पंडित कुलदीप वशिष्ठ ने उनको माता भीमेश्वरी देवी के दोनों मंदिरों से जुड़े इतिहास की विस्तार से जानकारी दी।

### मां भीमेश्वरी हमारी कुल देवी : गुप्ता

बेरी में आकर दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि मां भीमेश्वरी देवी उनकी कुल देवी हैं और आज विश्व प्रसिद्ध माता के मंदिर आकर सुखद महसूस हो रहा है। पुलिस आयुक्त डॉ. राजश्री सिंह, डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल, भाजपा जिलाध्यक्ष विकास वाल्मिकी, नपा चेयरमैन देवेंद्र कादयान, मार्किट कमेटी के चेयरमैन राजेन्द्र शर्मा व पूर्व चेयमैन मनीष शर्मा नम्बरदार ने स्वागत किया।

### घरेलू गैस सिलेंडर लेने के लिए बरसात में भी लाइनों में डटे रहे लोग

# डीसी ने हर रोज गैस बुकिंग व वितरण की मांगी रिपोर्ट

कोसली मोड़



प्रशासन रोज दावा कर रहा-गैस की कोई किल्लत नहीं है, लेकिन यह लाइनें कुछ और ही कहानी बयां कर रही हैं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

घरेलू गैस सिलेंडर की किल्लत और वितरण में देरी के कारण गैस एजेंसियों के बाहर लोगों की लंबी कतारें लग रही हैं। दिनभर कतारबद्ध रहने के बाद भी कई लोगों को सिलेंडर उपलब्ध नहीं हो पा रहे हैं।शुक्रवार को भी बारिश के बीच लोग गैस एजेंसियों के बाहर खड़े रहे। लोगों का कहना है कि गैस सिलेंडर नहीं मिलने के कारण रोजमर्रा के कार्य निपटाने में भी परेशानी हो रही है, जिसके कारण घंटों लाइन में लगना पड़ रहा है। वहीं, डीसी ने ताजा हालातों के मद्देनजर जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक को निर्देश दिए कि वह जिले में प्रतिदिन कितने गैस सिलेंडर बुक एवं कितने वितरित किए जा रहे हैं, इसकी रिपोर्ट उपायुक्त कार्यालय को भेजना सुनिश्चित करें ताकि पारदर्शिता बनी रहे और जनता को सही जानकारी मिल सके।

### बादली में दुकानों से 13 सिलेंडर जब्त



**बहादुरगढ़।** शुक्रवार को खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के इंस्पेक्टर राजेश सहगल व उप निरीक्षण गोरखनाथ की अगुवाई वाली टीम ने बादली क्षेत्र के गांवों में दस्तक दी। इस दौरान विभिन्न ढाबों व दुकानों पर जांच अभियान चलाया गया। जांच के दौरान पाहसोर स्थित दो ढाबों तथा बादली व जहांगीरपुर में हलवाई, चाय व फास्टफूड सहित अन्य खाद्य पदार्थ बनाने वाली दुकानों से कुल 13 सिलेंडर बरामद हुए। इन सिलेंडरों को जब्त कर गैस एजेंसी में जमा करा दिया गया।

## घर का भेदी : 3 युवकों ने घर में घुसकर जेवर चोरी करके बेचे

**बहादुरगढ़।** नयागांव में स्थित मकान से लाखों रुपये के आभूषण चोरी हो गए। गांव में ही रहने वाले तीन युवकों पर आभूषण चोरी करने के बाद बेचने का आरोप है। आरोपों की सत्यता जांच का विषय है। पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। नयागांव के निवासी जगबीर का कहना है कि मेरी पत्नी ने अपने आभूषण अलमारी के लॉकर में रखे थे। गत 16 मार्च को पत्नी ने अलमारी चेक किया तो आभूषण नहीं मिले। हमारे घर में गांव के ही एक युवक का आना-जाना है। हमें उस पर शक था।

बुधवार को हमने उससे सख्ती से पूछताछ की तो उसने चोरी कबूल कर ली। आरोपी ने कहा कि उसे मालूम था कि चाबी कहां रखी है। उसने यह बात गांव में रहने वाले अपने दो दोस्तों को बताई। उन दोस्तों ने ही चोरी करने और फिर आभूषणों को बेचने की सलाह दी। फिर छह मार्च को दोनों दोस्तों के साथ वारदात की। पहले चाबी उठाई फिर अलमारी से सोने का हार, अंगूठी, बालियां, टीका आदि आभूषण निकाल लिए। इसके बाद तीन लाख 25 हजार रुपये में बेच दिए और रकम आपस में बांट ली।

Affiliated to CBSE 530319
H.R.GREEN FIELDS
SR.SEC.SCHOOL, Sec.-7(Badli Road, Jhajjar)
26 Years of Excellence....




Special English spoken classes collaboration with
INDIA'S No.1 INSTITUTE OF SPOKEN ENGLISH
AMERICAN TM
INSTITUTE OF ENGLISH LANGUAGE PVT. LTD.
FREE
Annual Fee | Transport Fee
Admission Fee
BOOK SET ALSO FREE
For Pre Nur., Nur. & KG
ADMISSIONS OPEN 2026-27
Pre Nur., Nur. to 9th & 11th 9(Sci., Comm. & Arts)
AC Accommodation in Pre-Nur., Nur., KG
Upto 31 March 70% Off
In Annual Charges*
Upto 15 April 50% Off
In Annual Charges*
ENTRANCE CUM
स्कॉलरशिप
Test Date 22 MARCH 2026
Test Dates 5&12 APRIL 2026
10:15 AM – 12:00 PM | Venue: School Campus
Transport Will Be Available Please Contact Front Desk For Info



Contact us on this number for any kind of support for students.
7082210125, 7082210126
Management : 8053333357, 9812003197
Principal : Mr. M.S. Gulia 9466281718
Web : www.gfsjhajjar.in | E-mail : hrgfsjjr@yahoo.co.in

Your Faith Is Our Strength
Institute For Competition
ESTD. : 2004
CIS
CAMBRIDGE INTERNATIONAL SCHOOL
CAMBRIDGE
INTERNATIONAL SENIOR SECONDARY SCHOOL
Delhi Road, Rashalwala Chowk, Bhadana (Jhajjar)
Affiliated to C.B.S.E. New Delhi | Code No. : 531213
NEET, IIT & NDA में लहराया परचम
Haryana's No. 1 SCHOOL
having 22 years of Excellence
Where Dreams Come True......
ADMISSION OPEN 2026-27




Shaurya Khokhar
S/o Rajender Khokhar
Kablana
NDA lieutenant
(Air force )flying




ANSHU DAKHA
District Topper
D/o Mr. Pardeep Dhaka Police line Jhajjar
Selection in MBBS Maulana
Azad Medical College in New Delhi





Bhoomi Deshwal (Bhadani)
S/o Mr. Devender Kumar
Selection in IIT Delhi

CURRENT ACHIEVEMENTS



DIVYA KODAN KABLANA SELECTION IN MBBS PGIMS ROHTAK
NISHITA KODAN KABLANA NDA LIEUTENANT
KIRTI CHAHAR Jhajjar Selection in MBBS
Satyadev Chhikara Kheri Asra S.I. Haryana Police
DIVYA, JHAJJAR Selection in AIR 49 AIIMS (B.Sc. Nur)
Tamanna KABLANA ASO (CGL) Central Secretariat Sevices



Ravi Bhadani Selected in CGL (Postal Astt.)
Babli Raipur Teacher Kendriya Vidyalaya
Gaurav (Jondhi) Selection in Ministry of Finance
Ansh Bhadana Selection in BAMS
Neeraj (Chhudani) Honoured by ADGP Dr. Rajshree Singh
Arun, Bhadani Selection in Pro Kabaddi (Haryana Steelers)
Prince Kheri Asara NDA Qualified

Requirements
❖ Principal ❖ Vice Principal
❖ PGT's : English, Hindi, Physics, Chemistry, Maths, Biology, 1 Geography, 1 Pol. Science, Music Teacher
❖ TGT's : All Subjects - 01 Each ❖ PRT's : All Subjects - 01 Each
❖ Art & Craft ❖ Dance Teacher (Female) ❖ Music ❖ Receptionist
❖ Mother Teachers ❖ DPE's : 01 Post (Male)
❖ Drawing Teacher (Female)
Walking Interview on : 21, 22, 23 March
From 10:00 am to 2:00 pm in the School Campus
send your resume: cambridgebhadana@gmail.com

Awarded By:
- Best Sr. Sec. School (By State Govt.)
- Swach Vidyalaya Puraskar (By Central Govt.)
- Haryana Gaurav Puraskar
- FIT India Certificate
- Best Performer in PPP (Parivar Pahchan Patra)

Salient Features :
- First School of Distt. providing C.B.S.E. school Syllabus + Integrated Coaching
- Modern and Hi-Tech transport facilities with CCTV Camera and G.P.S.
- Individual Progress Monitoring.
- Regular P.T.M.
- Library & Reading Room Facility, huge play ground, NIS Coach.
- Weekly Test and Daily Doubt Classes. Well equipped & Modern Physics, Chem., Bio, Maths and Computer Labs.
- 24 hrs. Power Backup.
- CCTV Surveillance for Safety & Security_
- Sports Facilities Like Basket Ball, Kabaddi, Wrestling (Boys & Girls), Volley ball, Skating, Kho-Kho and Badminton.
- R.O. Treated Drinking Water

Regular Coaching For : NDA CLAT CUET NEET IIT-JEE NTSE OLYMPIAD SAINIK SCHOOL
Director : Dharmender Joon, M.A. (Eng.) M.Ed.
Mobile : 9034700144, Off : 8708056244 E-mail : cambridgebhadana@gmail.com



# रिलीज के बाद धुरंधर 2 का पायरेटेड वर्जन पहुंचा पाकिस्तान

**मुंबई।** धुरंधर 2 फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। फिल्म रिलीज होने के बाद से ही चर्चा का विषय बनी हुई है। रिलीज के एक दिन में ही इसके चर्चे पाकिस्तान तक होने लगे हैं। अब पाकिस्तान में भी लोग धुरंधर 2 के मजे ले रहे हैं, लेकिन सिनेमाघरों में नहीं टीवी पर। सोशल मीडिया पर कुछ तस्वीरें वायरल हुईं, जिनमें पाकिस्तान में लोग टीवी में 'धुरंधर 2' देखते नजर आए। खालिद महमूद खालिद नाम के एक पत्रकार ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, 'वॉचिंग धुरंधर 2 इन लाहौर।' अब ये पोस्ट वायरल हो रही हैं और लोग इसपर पाकिस्तान की जमकर ट्रोलिंग कर रहे हैं। इस पर आदित्य राज कौल ने जवाब देते हुए निराशा जताई। आदित्य राज कौल फिल्म धुरंधर से रिसर्च कंसल्टेंट के तौर पर भी जुड़े थे। उन्होंने लिखा, 'दुख की बात है कि धुरंधर द रिवेंज का पायरेटेड वर्जन आज ही पाकिस्तान पहुंच गया।'

## लाइफ Style

# वामिका

## भूत बंगला में अलग अंदाज में आएंगी नजर

फिल्म भूत बंगला में अक्षय कुमार के साथ वामिका गब्बी भी नजर आएंगी। इस हॉरर फिल्म में वह सिर्फ ग्लैमर का तड़का नहीं लगा रही है, वह अलग ही अंदाज में दर्शकों को देखने को मिलेंगी। फिल्म भूत बंगला को लेकर वामिका गब्बी काफी उत्साहित हैं। इस फिल्म में वह बिल्कुल ही अलग अंदाज में दर्शकों से रूबरू होंगी।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

हाल ही में फिल्म से जुड़ी एक अपडेट सामने आई, जिससे पता चलता है कि एक्ट्रेस खिलाड़ी कुमार यानी अक्षय कुमार से काफी इंस्पायर है। वह उनके नक्शे-कदमों पर चल रही हैं। सूत्रों के अनुसार फिल्म 'भूत बंगला' में वामिका गब्बी ने अपने एक्शन सीन खुद किए हैं। एक्ट्रेस ने एक ट्रेन सीक्वेंस शूट किया, जिसमें वह ट्रेन के किनारे पर खड़ी थीं। इस सीन के लिए अक्षय कुमार के साथ एकदम सही तालमेल और टाइमिंग की जरूरत थी। वामिका ने अक्षय कुमार का पूरा साथ दिया। पिछले दिनों फिल्म 'भूत बंगला' का टीजर रिलीज हुआ। इसमें अक्षय कुमार जहां अपनी कॉमेडी से हंसाते हैं। वहीं डरावना माहौल भी टीजर में दिखता है। अक्षय कुमार का लुक भी टीजर में काफी अलग नजर आया है। कहानी के अलावा बाकी कलाकारों की भी झलक भी टीजर में दिखती है, इसमें वामिका भी नजर आईं। टीजर से ही हिंट मिला है कि इसमें एक रहस्मयी जीव है जो सबको डराता है। फिल्म 'भूत बंगला' में अक्षय कुमार, वामिका गब्बी के अलावा परेश रावल, तब्बू और राजपाल यादव भी हैं। यह फिल्म 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। इस फिल्म में असरानी की भी झलक मिलेगी। पिछले साल इस दिग्गज अभिनेता ने दुनिया को अलविदा कह दिया था।



## हॉलीवुड मसाला



# वैल को निधन के 1 साल बाद एआई ने किया जिंदा

**लॉस एंजिल्स।** 'बैटमैन फॉरएवर' और 'टॉप गन' जैसी फिल्मों के लिए पहचाने जाने वाले दिवंगत एक्टर वैल किल्मर की बीते साल अप्रैल में मौत हो गई थी। 65 साल की उम्र में उनका निधन हुआ था। अब जब फैंस यह मानकर चल रहे थे कि वह अपने फेवरेट एक्टर को पर्दे पर दोबारा नहीं देख पाएंगे, जनरेटिव एआई ने उन्हें डिजिटली फिर से जिंदा कर दिया है। जी हां, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के जरिए हम और आप अपकमिंग फिल्म !कब्र की तरह गहरा' में वैल किल्मर को एक्टिंग करते हुए देखेंगे। इस फिल्म के लिए उन्हें साल 2020 में कास्ट किया गया था। उन्होंने इसके कुछ हिस्सों की शूटिंग की थी, जबकि कई सीन शूट नहीं कर पाए थे। अब इस खबर ने सोशल मीडिया पर नई बहस छेड़ दी है। कई फैंस जहां एक्टर को दोबारा पर्दे पर देखने के लिए बेताब हैं, वहीं कइयों ने इसे तकनीक का 'घटिया इस्तेमाल' बताया है।



# डिज्नी ने किया समर 2028 लाइन-अप का ऐलान

**लॉस एंजिल्स।** डिज्नी ने हाल ही में अपनी समर 2028 लाइन-अप का ऐलान कर दिया है। इसमें 'इनक्रेडिबल्स 3' और 'लिलो एंड स्टिच 2' को लेकर भी बड़ा अपडेट दिया गया है, जिसमें इन दो बड़ी फिल्मों की रिलीज डेट सामने आ गई है। इस अपडेट के बाद अब फैंस की एक्साइटमेंट भी बढ़ गई है। डिज्नी के मुताबिक, एनिमेशन फिल्म 'इनक्रेडिबल्स 3' 16 जून 2028 को थिएटर्स में रिलीज होगी। इस बार फिल्म को पीटर सोहन डायरेक्ट करेंगे, जबकि ब्रैड बर्ड इसमें राइटर के तौर पर जुड़े रहेंगे। वहीं दूसरी तरफ, 'लिलो एंड स्टिच 2' 26 मई 2028 को सिनेमाघरों में रिलीज की जाएगी। 'लिलो एंड स्टिच 2' की बात करें, तो इसकी कहानी क्रिस सैंडर्स लिख रहे हैं, जो इस फ्रेंचाइजी के ओरिजिनल क्रिएटर भी हैं। मेकर्स ने इन फिल्मों की रिलीज डेट की घोषणा अपने इंस्टाग्राम हैंडल के जरिए शेयर की है। रिपोर्ट्स के अनुसार, दोनों फिल्में कुछ हफ्तों के अंतर में रिलीज होंगी, जिससे समर 2028 में डिज्नी का बड़ा बॉक्स ऑफिस धमाका देखने को मिल सकता है। कुल मिलाकर, डिज्नी की ये अनाउंसमेंट फैंस के लिए बड़ी खुशखबरी है और 2028 का समर सीजन एंटरटेनमेंट से भरपूर रहने वाला है।



# सरके चुनर तेरी गाने की सिंगर ने मांगी माफी


**मुंबई।** नोरा फतेही और संजय दत्त पर फिल्माया गया गाना 'सरके चुनर तेरी' को लेकर विवाद मचा हुआ है। गाने के बोल और डांस स्टेप्स को लोगों ने आपत्तिजनक पाया, जिसके बाद इसको लेकर विवाद शुरू हो गया। आखिरकार सरकार ने गाने पर एक्शन लेते हुए इसके हिंदी वर्जन को यूट्यूब से हटा दिया। अब गाने के कन्नड़ वर्जन 'सरसे निन्ना सेरागा सरसे' की सिंगर मंगली, जिन्होंने हिंदी वर्जन भी गाया है, उन्होंने इस पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। लोगों से माफी मांगते हुए सिंगर ने जल्द ही गाने के संशोधित वर्जन के रिलीज होने की बात कही। मंगली ने अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट साझा की। इसमें उन्होंने लोगों से 'सरके चुनर तेरी' गाने को लेकर उठे विवाद पर माफी मांगी। मंगली ने अपनी पोस्ट में लिखा, 'जनता की भावनाओं का सम्मान करते हुए, गीत को सभी प्लेटफॉर्म से हटा दिया गया है।



# रश्मिका ने जाहिर की अवॉर्ड मिलने की खुशी

**मुंबई।** तेलंगाना गद्दर फिल्म अवॉर्ड्स 2025 में रश्मिका मंदाना को 'द गर्लफ्रेंड' में उनकी एक्टिंग के लिए स्टेट अवॉर्ड दिया गया। जिसकी खुशी उन्होंने सोशल मीडिया पर शेयर की। एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना के जीवन का 2026 एक महात्वपूर्ण साल रहा। 'मैसा' आने वाली है। वहीं फरवरी में विजय देवराकोंडा के साथ उनकी शादी भी हुई है। इसके साथ ही उनके बॉलीवुड प्रोजेक्ट्स भी लाइन अप हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट के जरिए अपने राज्य स्तर पर सम्मान पाने की खुशी जाहिर की। 19 मार्च 2026 की रात तेलंगाना गद्दर फिल्म अवॉर्ड्स 2025 के शानदार आयोजन में रश्मिका मंदाना भी पहुंची थी। वहां उन्हें 'द गर्लफ्रेंड' के लिए इस स्टेट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। अपनी इस खुशी को रश्मिका ने सोशल मीडिया पोस्ट को जरिए शेयर किया।

## टीवी मसाला



# नागिनों ने किया रॉकेट लॉन्च, दी सलामी, लोगों ने उड़ाई खिल्ली

नई दिल्ली। एकता कपूर का शो 'नागिन 7' जब से शुरू हुआ है, तब से किसी न किसी कारण से खबरों में बना ही रहता है। इस बार तो हद ही हो गई जब नागिनों ने रॉकेट लॉन्च करके उसे सलामी दी। ये सीन खूब वायरल हो रहा है और खिल्ली भी उड़ रही है। 'नागिन 7' में रॉकेट लॉन्च को सलामी देते हुए नागिनों का एक सीन वायरल होने के बाद से ही हलचल मची हुई है। देशभक्ति और कल्पना के इस मिश्रण ने लोगों का ध्यान खींचा है, जिससे ऑनलाइन रिएक्शन्स की बाढ़ आ गई है। कलर्स टीवी पर हाल ही में प्रसारित एक एपिसोड में दिखाए गए इस सीन में नागिनें अपने मानव रूप में आकाश में रॉकेट लॉन्च देखती हुई दिखाई देती हैं। रॉकेट के उड़ान भरने के साथ ही सभी सलामी देते हैं, जबकि बैकग्राउंड में वंदे मातरम की धुन बजती है। इस सीन ने एक्स पर रिएक्शन्स की बाढ़ ला दी, जिसमें यूजर्स ने शो के क्रिएटर्स पर मजेदार कमेंट किए। एक ने लिखा- यह किसी बॉलीवुड फिल्म के सीन जैसा लग रहा है। एक ने कहा- इन नागिनों ने इतिहास बदल दिया है। दूसरे ने मजाक में कहा- इन नागिनों को बॉर्डर पर भेज दो। तीसरे ने कहा- भारतीय टीवी शो और उनका कभी न खत्म होने वाला नाटक। एकता कपूर का शो 'नागिन' लंबे समय से भारतीय टेलीविजन के सबसे फेमस शोज में से एक रहा है। वर्षों से, इसने एक फैनबेस बनाया है और साथ ही अपनी अलग कहानी और अनोखे सीन्स के कारण बार-बार वायरल भी हुई है।

## हिना ने हाथों में लगाई ईद की मेहंदी

**नई दिल्ली।** हिना खान ने ईद की हाथों में मेहंदी लगाई। इसमें पति रॉकी जायसवाल का भी नाम लिखवाया। हिना ने हाथों के साथ-साथ पैरों पर भी खूबसूरत मेहंदी लगवाई। इस मौके पर उन्होंने सलवार, झुमके और चूड़ियां भी पहनीं। हिना खान बेहद खूबसूरत लग रही थीं और उनकी मदमस्त अदाएं फैंस के दिलों पर छुरियां चला रही हैं, पर कुछ लोगों को इस पर भी परेशानी हो गई। उन्होंने अपने तानों और कमेंट्स से हिना खान के ईद के जश्न में खलल डालने की कोशिश की। जहां कुछ ने पूछा कि क्या हिना ने रोज़े रखे थे, जो वो ईद मना रही हैं, तो वहीं कुछ ने ताना मारा कि जो लोग रोज़े नहीं रखते हैं उनकी ईद दो दिन पहले ही शुरू हो जाती है। हिना खान ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर ईद की तैयारियां दिखाते हुए 12 तस्वीरें शेयर कीं। इस पोस्ट पर जहां फैंस ने प्यार बरसाया, वहीं कुछ यूजर्स ने ऊल-जुलूल कमेंट्स करने शुरू कर दिए। एक ने लिखा, 'जो रोज़े नहीं रखते, उनकी ईद दो दिन पहले आ जाती है।'



# टॉलीवुड, कॉलीवुड और बॉलीवुड नहीं सिर्फ भारतीय सिनेमा होना चाहिए

**मुंबई।** उगादी के अवसर पर बीते दिन तेलंगाना गद्दर फिल्म अवॉर्ड्स 2025 आयोजित हुए। यहां भारतीय सिनेमा के कई सितारे पहुंचे। कुछ को सम्मानित भी किया गया। अवॉर्ड नाइट में दिग्गज अभिनेता कमल हासन और मेगा स्टार चिरंजीवी को भी पुरस्कार प्रदान किया गया। इसी दौरान दोनों सितारों ने इस बात पर जोर दिया कि देश में क्षेत्रीय सिनेमा की बाउंड्रीज नहीं होनी चाहिए। सिर्फ एक ही सिनेमा यानी 'भारतीय सिनेमा' होना चाहिए। तेलंगाना गद्दर फिल्म अवाड्र्स 2025 में कमल हासन ने अपने संबोधन में मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी से भारत की क्षेत्रीय फिल्म इंडस्ट्रीज के बीच की सीमाओं को खत्म करने की अपील की। वहीं, चिरंजीवी ने हैदराबाद को देश का सिनेमा का हब बनाने का अपना



विजन पेश किया। बता दें कि बीती रात दोनों दिग्गज सितारों को सम्मानित किया गया। कमल हासन को इस अवॉर्ड फंक्शन में पैडी जयराज फिल्म पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वहीं, मेगास्टार चिरंजीवी को एनटीआर राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार प्रदान किया गया। पुरस्कार प्राप्त करने के बाद दोनों सितारों ने मंच से कुछ ऐसा कहा, जिसकी इंडस्ट्री को काफी समय से जरूरत थी। अवॉर्ड फंक्शन में कमल हासन ने मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी की ओर रुख किया और उनसे एक गुजारिश की। कमल हासन ने कहा, 'क्योंकि इस एकता के असली हीरो आप हैं, इसलिए मैं आपसे गुजारिश करता हूं अब और टॉलीवुड, कॉलीवुड, बॉलीवुड, मॉलीवुड या सैंडलवुड नहीं। अब सिर्फ एक ही नाम होना चाहिए।

# ओपनिंग डे पर रिकॉर्ड तोड़ कमाई के बाद भी धुरंधर 2 की दर्शकों ने गिना दी कमियां

**मुंबई।** गुरुवार को 'धुरंधर 2' ने सिनेमाघरों में कदम रखा और पहले ही दिन सबसे ज्यादा कलेक्शन करने वाली फिल्म बन गई। इस फिल्म को लेकर रिलीज से पहले ही अलग तरह का बज बना हुआ था, लेकिन कुछ दर्शकों, फैंस को इसमें कमियां भी नजर आईं।



## उम्मीदों पर खरी नहीं उतरी

फिल्म 'धुरंधर' के बाद फैंस को 'धुरंधर 2' से काफी उम्मीद थी। लेकिन, यह उनकी उम्मीदों पर खरी नहीं उतर सकी। एक यूजर ने फिल्म को लेकर लिखा, 'एक सिनेमा प्रेमी के तौर पर मैं पार्ट 2 से बहुत ज्यादा उम्मीदें लेकर गया था। लेकिन, यह उन उम्मीदों पर खरी नहीं उतरी। फिल्म बेवजह खिंची हुई लगती है। वह जबरदस्त कहानी कहने का अंदाज, जिसने पहले हिस्से को इतना कामयाब बनाया था, यहां नदारद है। यह पूरी तरह से बुरी तो नहीं है, लेकिन इसने जो वादा किया था, उसके मुकाबले यह यकीनन निराश करने वाली फिल्म है।' इसी तरह की शिकायत कई लोगों को फिल्म से है, 'धुरंधर 2' का रन टाइम लगभग चार घंटे था, जो कि कई लोगों के लिए काफी ज्यादा था। इतनी देर बैठकर फिल्म देखना कई लोगों के लिए मुश्किल हो गया। एक अन्य यूजर ने लिखा, 'थोड़ी धीमी शुरुआत, ज्यादा हिंसा और थोड़ी ज्यादा ही पॉलिटिक्स। लेकिन, बिना किसी गलती के डायरेक्टेड और जबरदस्त एक्टिंग वाली फिल्म है। इसे जरूर देख सकते हैं।'

## किसी ने खोखली फिल्म तक कह दिया

कुछ लोगों को 'धुरंधर 2' लंबी और वॉयलेंस से भरी फिल्म लगी, लेकिन इसे फिर भी वह दिखने की बात कहते हैं। लेकिन ,कुछ दर्शकों ने इसे खोखली फिल्म कह दिया। एक यूजर ने ट्वीट पर कमेंट करते हुए लिखा, 'अभी-अभी यह फिल्म देखी। यह बहुत शोरगुल वाली और खोखली फिल्म है। इसमें कहानी से ज्यादा शोर है, बहुत ज्यादा हिंसा है। गालियों से भरी हुई और एक खींचे हुए प्रोपेगैंडा नैरेटिव पर बेस्ड है। रणवीर सिंह भी हमजा के तौर पर दर्शकों को प्रभावित करने में नाकाम रहे।' ट्वीट में आगे लिखा है, 'बस भारत-पाकिस्तान के बीच टकराव का एक ही घिसा-पिटा एंगल है, न कोई अच्छा संगीत है, और न ही कोई भावनात्मक या देशभक्ति से जुड़ाव है। आप यह सोचने पर मजबूर हो जाते हैं कि आदित्य धर आखिर क्या करना चाह रहे थे? कहानी सुनाना या फिर बस टकराव का फायदा उठाना।

## इस वीकएंड ओटीटी पर होगी मनोरंजन की बारिश

# बॉर्डर 2 से चिरैया तक रिलीज होंगी ये फिल्में और सीरीज

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सिनेमाघरों में 'धुरंधर 2' ने दस्तक दे दी है। संभव है कि आप भी वीकएंड पर इस फिल्म को देखने का प्लान बना रहे हों, लेकिन अगर आप घर बैठे ओटीटी पर कुछ देखना चाह रहे हैं तो इस बार की लिस्ट काफी दिलचस्प है। एक्शन से लेकर सस्पेंस तक का डोज दर्शकों को मिलने वाला है।

### बॉर्डर 2

सिनेमाघरों में जबर्दस्त कमाई करने के बाद फिल्म 'बॉर्डर 2' अब ओटीटी पर भी आ चुकी है। यह सीरीज 20 मार्च से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रही है। इस वीकएंड पर आप इसे परिवार के साथ देख सकते हैं। यह फिल्म 1997 की क्लासिक फिल्म 'बॉर्डर' का सीक्वल है। फिल्म 'बॉर्डर 2' 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध पर आधारित है। इसमें सनी देओल, वरुण धवन, अहान शेट्टी और दिलजीत दोसांझ जैसे सितारे हैं।

### अ डिफरेंट मैन

यह साइकोलॉजिकल थ्रिलर फिल्म है। सेबेस्टियन स्टेन और एडम पियर्सन अभिनीत यह फिल्म 20 मार्च 2026 से नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध है। यह एक ऐसे शख्स की कहानी है, जो चेहरे की सर्जरी के बाद बाहरी रूप तो बदल लेता है, लेकिन अपने आंतरिक संघर्षों से नहीं जीत पाता।



### डेडलॉक सीजन 2

अगर आपको क्राइम मिस्ट्री देखना पसंद है तो 'डेडलोक सीजन 2' आपके लिए शानदार विकल्प है। इस सीजन में डिटेक्टिव डल्सी और एडी रेडक्लिफ एक बार फिर लौट आए हैं। इस बार वे एक मर्डर मिस्ट्री सुलझाते नजर आएंगे। यह 20 मार्च से प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम हो रही है।

### चिरैया

दिव्या दत्ता, प्रसन्ना बिष्ट और संजय मिश्रा अभिनीत वेब सीरीज 'चिरैया' इस वीकएंड देखी जा सकती है। यह सीरीज आज 20 मार्च को जियो हॉटस्टार पर रिलीज हुई है। यह सवेंदनशील कहानी पर आधारित सीरीज है। सीरीज महिला केंद्रित है, मगर यह पुरुषों को भी जरूर देखनी चाहिए।

### जटाधारा

सोनाक्षी सिन्हा की एक्शन थ्रिलर फिल्म भी अब ओटीटी पर आ चुकी है। इस फिल्म में एक 'धन पिशाचिनी' (धन के राक्षस) की कहानी के जरिए आस्था और तर्क के बीच के टकराव को दिखाया गया है। बॉक्स ऑफिस पर इस फिल्म ने खास प्रदर्शन नहीं किया था। हालांकि, इसकी सिनेमैटोग्राफी, विजुअल इफैक्ट्स और अभिनय की तारीफ हुई थी। 20 मार्च से 'जटाधारा' जी5 पर उपलब्ध है।

## खबर संक्षेप



### शिविर में ग्रामीणों ने करवाई स्वास्थ्य जांच

**झज्जर।** वर्ल्ड मेडिकल कॉलेज रिसर्च एंड हास्पिटल गिरावड़ द्वारा शुक्रवार को क्षेत्र के गांव मातन में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में अस्पताल के मेडिसिन विभाग, सर्जरी, नेत्र रोग, ईएनटी, हड्डी रोग व स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग के चिकित्सकों ने सेवाएं दी। इस दौरान शिविर में पहुंचे सैकड़ों लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई तथा जरूरतमंद लोगों में निःशुल्क दवाइयां भी वितरित की गई। कम्युनिटी मेडिसिन विभाग के प्रोफेसर डॉ. चरण सिंह ने बताया कि संस्थान के संस्थापक डॉ. नरेंद्र सिंह के नेतृत्व में आयोजित इस शिविर के दौरान लोगों को स्वास्थ्य की उचित देखभाल के लिए आवश्यक परामर्श भी दिए गए।



### राजकीय मॉडल स्कूल में दाखिलों पर हुई चर्चा

**बहादुरगढ़।** सीबीएसई से संबद्धता प्राप्त राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल में विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक हुई। बैठक में प्राचार्या मंजू रानी और उप प्राचार्या सुशीला छिकारा ने समिति सदस्यों व स्टाफ सदस्यों से नए शिक्षा सत्र में कक्षा छठी, 7वीं और 11वीं कक्षा में दाखिले को लेकर चर्चा की। छठी और सातवीं कक्षा में प्रवेश के लिए परीक्षा 25 मार्च को होगी। जबकि 11वीं के विज्ञान और कॉमर्स संकाय में प्रवेश के लिए 2 अप्रैल तथा आर्ट्स के लिए 4 अप्रैल को परीक्षा होगी। स्कूल का वार्षिक परिणाम 30 मार्च को घोषित किया जाएगा और 1 मार्च को प्रवेश उत्सव मनाया जाएगा। इस मौके पर सतीश शर्मा, पार्षद राजेश तंवर, प्राध्यापक संजय मलिक, प्राध्यापक राकेश, दीपक पंवार, सुरेश वर्मा, अशोक, मंजीत छिल्लर व मुकेश सैनी आदि उपस्थित रहे।



### महिलाओं के हर रूप की भावनाएं कविताओं में पिरोई

**झज्जर।** स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस स्टडीज इन टीचर एजुकेशन में शुक्रवार को गणित विषय की सहायक प्रोफेसर डॉ. रीना तक्षक के पहले काव्य संग्रह आदिशा का विमोचन किया। प्राचार्या डॉ. संतोष ने बताया कि कार्यक्रम में संस्थान निदेशक डॉ. ऋषि गोयल व कवि महेंद्र सिंह ने मुख्य रूप से शिरकत की। कविता संग्रह के बारे में जानकारी देते हुए डॉ. रीना तक्षक ने कहा कि आदिशा एक सुंदर कविता संग्रह है, जिसमें मां, प्रेमिका, बेटी और बहू की भावनाएं हैं, जो कई महिलाओं के लिए प्रासंगिक है। यह पुस्तक महिलाओं के जीवन के विभिन्न पहलुओं को दर्शाती है। इस दौरान अतिथियों का सम्मान पुस्तक की एक प्रति, शॉल व पौधा भेंट करके किया गया। इस दौरान डॉ. राजवंती, डॉ. रीना फौगाट, मुकेश व छात्रा खुशी ने भी काव्य संग्रह पर अपने विचार साझा किए।

### बच्चों के लिए स्वर्ण प्राशन संस्कार शिविर कल

**झज्जर।** बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने व उनकी पाचन शक्ति को बेहतर बनाने के उद्देश्य से शहर के छावनी मोहल्ला स्थित दक्ष प्रजापति धर्मशाला में रविवार को स्वर्ण प्राशन संस्कार शिविर का आयोजन किया जाएगा। श्रीआनंद आश्रम के महंत अजय दास महाराज के सानिध्य में आयोजित इस शिविर में आयुनाथ आयुर्वेदिक चिकित्सालय की टीम सेवाएं देंगी। महंत अजय दास ने बताया कि स्वर्ण प्राशन एक आयुर्वेदिक विधि है, जिसमें बच्चों को स्वर्ण भस्म, शहद और औषधीय घी का मिश्रण दिया जाता है। यह मिश्रण जहां बच्चों के बार-बार बीमार होने की समस्या को कम करता है वहीं उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता व एकाग्रता बढ़ाने में भी सहायक होता है।

## नई फसल खरीद व्यवस्था से किसानों को होगी परेशानी : मांडौठी

**बहादुरगढ़।** रबी की फसल खरीद के लिए हरियाणा सरकार द्वारा जारी किए गए दिशा निर्देशों को ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अनूप सिंह मातनहेल व सचिव जयकरण मांडौठी ने बेहद अव्यवहारिक बताया है। इनके कारण किसानों को अपनी फसल बेचने में अनेक परेशानी उठानी पड़ेगी। अनूप सिंह मातनहेल व जयकरण मांडौठी ने हरियाणा सरकार से इस खरीद व्यवस्था के निर्देशों को वापस लेने और खरीद की पुरानी व्यवस्था बहाल करने की मांग की है। अभी रबी सीजन की फसलों की सरकारी खरीद के लिए ऑनलाइन पोर्टल पंजीकरण, ट्रैक्टर नंबर प्लेट की अनिवार्यता, गेट पर किसान के अंगूठे के निशान लगवाना या फोन ओटीपी आदि की अनिवार्यता लागू करना सरासर किसान विरोधी निर्णय है। इससे किसानों को मंडी में अपनी फसल बेचने में अनेक दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा और किसान मंडियों के बाहर लंबी-लंबी लाइनों में घंटों इंतजार और परेशानी का सामना करने को मजबूर होंगे। सरकार के इन नए नियमों के पीछे सरकार की मंशा किसानों को परेशान करने की ज्यादा लगती है। उन्होंने बताया कि गेहूं का सीजन कम समय का होता है और इस सीमित समय में मंडियों में गेहूं की आवक ज्यादा होती है। सरकार के ये नए निर्देश लागू होने से किसान मंडी में फसल ही नहीं डाल पाएंगे और घंटों इंतजार करने को मजबूर होंगे।



जयकरण मांडौठी

### गुरु गोरखनाथ राजकीय बहुतकनीकी में आयोजित तीन दिवसीय खेल स्पर्धा का समापन

# इंटर पॉलिटेक्निक खेलकूद प्रतियोगिता में औशल्या और निकेश बने बेस्ट एथलीट



झज्जर। विजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी देकर सम्मानित करते हुए अतिथि। फोटो : हरिभूमि



झज्जर। हर्डल रेस में भाग लेते हुए खिलाड़ी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

गुरु गोरखनाथ राजकीय बहुतकनीकी में आयोजित तीन दिवसीय 38वीं इंटर-पॉलिटेक्निक खेल स्पर्धाएं शुक्रवार को संपन्न हो गईं। इस खेल प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न राजकीय पॉलिटेक्निक संस्थानों के खिलाड़ियों ने खेल भावना, अनुशासन एवं उत्कृष्ट प्रतिभा का प्रदर्शन किया। समापन समारोह में डीसीपी क्राइम अमित दहिया ने मुख्यातिथि तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में तकनीकी शिक्षा विभाग हरियाणा के निदेशक वाईपीएस बरवाल व राजकीय बहुतकनीकी सिरसा की प्राचार्या मंजू गेरा ने शिरकत की। अतिथियों द्वारा सभी खेल स्पर्धाओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों व बेस्ट एथलीट को ट्रॉफी एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। मुख्यातिथि अमित दहिया ने अपने संबोधन में खिलाड़ियों की खेल भावना एवं अनुशासन की सराहना करते हुए कहा कि खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं तथा उन्हें जीवन में अनुशासन, नेतृत्व एवं आत्मविश्वास प्रदान करते हैं। संस्थान के प्राचार्य दिगपाल ने सभी अतिथियों, प्रतिभागियों एवं सहयोगी स्टाफ का आभार जताया।

#### ये रहे प्रतियोगिता के परिणाम

विभिन्न प्रतियोगिताओं के परिणामों में बालिका वर्ग की रिले रेस में राजकीय बहुतकनीकी धांगड़ को पहला, राजकीय महिला बहुतकनीकी सिरसा को दूसरा व सेठ जयप्रकाश बहुतकनीकी संस्थान डामला को तीसरा स्थान मिला। बालक वर्ग की इसी स्पर्धा में गर्वनमेंट पॉलिटेक्निक हिसार व उमरी को प्रथम, एसजेपी पॉलिटेक्निक डामला को द्वितीय व सोनीपत को तृतीय स्थान मिला। एथलेटिक स्पर्धा में गर्वनमेंट पॉलिटेक्निक सिरसा प्रथम, गर्वनमेंट पॉलिटेक्निक धांगड़ द्वितीय व एसजेपी पॉलिटेक्निक डामला तृतीय रहा। इसी प्रकार बालक वर्ग की इसी स्पर्धा में जीपी हिसार पहले, जीपी सोनीपत दूसरे व सीआर पॉलिटेक्निक रोहतक तीसरे स्थान पर रही। लड़कियों की ओवरऑल स्पर्धा में जीपी वूमेन फरीदाबाद प्रथम, जीपी वूमेन सिरसा द्वितीय व जीपी धांगड़ तृतीय रहे। लड़कों की ओवरऑल स्पर्धा में जीपी हिसार पहले, सीआर रोहतक दूसरे व जीपी आदमपुर तीसरे स्थान पर रहे। बेस्ट एथलीट के चुनाव में बालिका वर्ग में जीपीडब्ल्यू सिरसा की औशल्या को प्रथम, जीपी धांगड़ की किस्मत को द्वितीय व जीपी छप्पार की साक्षी को तृतीय स्थान मिला जबकि बालक वर्ग में जीपी हिसार के निकेश को प्रथम, जीपी भिवानी के सिद्धांत व सीआर रोहतक के दीपक को संयुक्त रूप से द्वितीय व एसजेपी डामला के लव को तृतीय स्थान मिला।

## सिवाना गांव की मुख्य गली की हालत खस्ता, कीचड़ जमा होने से परेशानी



#### एस्टीमेट बनाकर उच्चाधिकारियों को भेजा

इस संबंध में ग्राम सरपंच सुरेश कुमार ने बताया कि उनके गांव की यह मुख्य गली है जो पूरे गांव को जोड़ती है। इस गली के संबंध में वे करीब छह माह पहले पचास से साठ लाख रुपये का एस्टीमेट बनाकर संबंधित अधिकारियों को भेज चुके हैं, लेकिन अभी तक कोई जवाब नहीं आया। जैसे ही एस्टीमेट पास होता है वे गली निर्माण शुरू करा देंगे।

**झज्जर।** क्षेत्र के गांव सिवाना में जर्जर गली के कारण ग्रामवासियों व राहगीरों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण मीर सिंह व अनिल कुमार ने बताया कि यह गांव की मुख्य गली है जो पिलाना गांव की ओर जाती है। इसलिए राहगीरों का आवागमन भी लगातार रहता है। जर्जर हो चुकी है यह गली उबड़-खाबड़ है, जिस कारण इसमें घरों से निकला गंदा पानी भी फैल जाता है। ग्रामीणों के अनुसार बरसात के दिनों में तो इस गली में फैले कीचड़ से लोगों का बुरा हाल रहता है। मुख्य गली खराब होने के कारण स्कूल जाने वाले छोटे बच्चों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में ग्रामीणों ने कई बार संबंधित अधिकारियों को अवगत कराया है, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं किया गया। पिछले दो दिनों में हुई हल्की बरसात के कारण ही गली में कीचड़ जमा हो गया। लोगों के फिसलने का खतरा भी बना है। ग्रामीणों का कहना है कि अधिक समय तक जलभराव होने के कारण मच्छरों की भरमार रहती है। संक्रमण फैलने का डर भी सता रहा है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से गुहार लगाई है कि इस गली का निर्माण कराकर उन्हें समस्या से छुटकारा दिलाया जाए।

## अनट्रेस मामलों में जल्द से जल्द करें गिरफ्तारी : डॉ. राजश्री



झज्जर। बैठक के दौरान आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए पुलिस कमिश्नर डॉ. राजश्री सिंह।

- सभी थाना प्रबंधकों और क्राइम यूनिट के अधिकारियों की बैठक में दिए निर्देश

**झज्जर।** जिले में कानून व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस कमिश्नर डॉ. राजश्री सिंह द्वारा सभी थाना प्रबंधकों और क्राइम यूनिट के अधिकारियों की बैठक कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित की गई। बैठक में जिले में अपराधों पर अंकुश लगाने, लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण तथा आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन मामलों में गिरफ्तारी नहीं हुई है, उनमें तेजी से कार्रवाई करते हुए आरोपियों को जल्द से जल्द ट्रेस किया जाए। उन्होंने सभी पुलिस नाकों को दुरुस्त करने और उनकी कार्यक्षमता बढ़ाने के निर्देश दिए। सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण के लिए ट्रैफिक नियमों के सख्ती से पालन पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि कई लोग वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग नहीं करते, जिससे दुर्घटना होने का अंदेशा रहता है। जिसे गंभीरता से लेते हुए बिना हेलमेट वाहन चलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे जनता के साथ सम्मानपूर्वक व्यवहार करें और उनकी समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर सुनें। पुलिस और आमजन के बीच बेहतर समन्वय से ही अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सकता है। इस दौरान डीसीपी मुख्यालय जसलीन कौर, डीसीपी मयंक मिश्रा, डीसीपी क्राइम अमित दहिया सहित अन्य भी मौजूद रहे।

## 15 दिन पहले ही सरसों कटाई के लिए झज्जर आया था सुधीर



मृतक सुधीर का फाइल फोटो।

- बिजली गिरने से मौत मामले में शव का करवाया पोस्टमार्टम

**झज्जर।** क्षेत्र के गांव दूबलधन में आकाशीय बिजली गिरने से हुई प्रवासी श्रमिक की मौत मामले में शुक्रवार को मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराया गया। मामले के जांच अधिकारी प्रदीप कुमार ने बताया कि वीरवार को आसमानी बिजली गिरने के कारण खेतों में कटाई कर रहे एक प्रवासी श्रमिक की मौत हो गई थी, जबकि उसका एक अन्य साथी झुलस गया था। मृतक सुधीर पुत्र रामभजन यूपी के हरदोई जिले के गांव झबरापुर का रहने वाला था। परिजनों के पहुंचने पर शुक्रवार को शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। सुभाष उर्फ अक्षय व और सुधीर करीब पन्द्रह दिन पहले ही यहां सरसों की कटाई करने के लिए पहुंचे थे। बिजली गिरने से झुलसे सुभाष उर्फ अक्षय की हालत में सुधार है, जिसके बयान पर इत्तिफाकिया कार्रवाई अमल में लाई गई है। पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

## ट्रैफिक नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों के काटे जाएं चालान : उपायुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

सड़क सुरक्षा को लेकर सभी विभाग गंभीरता से कार्य करें। सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए विभागों के बीच बेहतर समन्वय और ठोस प्रयास जरूरी हैं। यह निर्देश डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने शुक्रवार को सड़क सुरक्षा और सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी की मासिक बैठक में अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने की दिशा में विभाग अपने स्तर पर निर्धारित कार्यों को समय पर पूरा करें। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा के विषयों पर किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ऐसे स्कूल वाहन जो सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी के तहत नियमों को पूरा नहीं करते उनके खिलाफ एक्शन लिया जाए। इसके अलावा म्हारी सड़क एप पर अपलोड होने वाली हर शिकायत का प्राथमिक स्तर पर गंभीरता से वेरीफिकेशन किया जाए और तत्पश्चात संबंधित विभागीय अधिकारी की जवाबदेही सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि ट्रैफिक नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों के चालान काटे जाएं।



झज्जर। बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल।

### डीसी ने सीएम विंडो से जुड़ी शिकायतों का जल्द समाधान करने के दिए निर्देश

**झज्जर।** सीएम विंडो, जन-संवाद और एसएमजीटी पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का निर्धारित समयावधि में प्राथमिकता से निपटान करना सुनिश्चित करें। सभी विभागों के नोडल अधिकारी इन शिकायतों के समाधान की ऑनलाइन प्लेटफार्म पर एटीआर जरूर अपलोड करें। यह निर्देश डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने शुक्रवार को सीएम विंडो, जन-संवाद और एसएमजीटी पोर्टल से प्राप्त शिकायतों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन सीएम विंडो पोर्टल को एक बार अवश्य खोलकर चेक करें और शिकायत की वास्तविक स्थिति से ऑनलाइन प्लेटफार्म प्रणाली से ही पोर्टल पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।

### समाधान शिविरों में प्राप्त 5762 शिकायतों में से 196 का समाधान बाकी

**झज्जर।** मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा शुक्रवार को आयोजित वीसी के माध्यम से समाधान शिविरों के तहत जिला प्रशासन को प्राप्त शिकायतों की समीक्षा की गई। डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने जिले से संबंधित विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि जिले में आयोजित हो रहे समाधान शिविरों में अभी तक कुल 5762 शिकायत प्राप्त हुई हैं इनमें से केवल 196 पेंडिंग हैं। पेंडिंग शिकायतों का निवारण प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है। डीसी ने वीसी उपरांत जिलाभर के अधिकारियों के साथ बैठक कर समाधान शिविरों के संचालन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## अभिभावकों और शिक्षकों के बीच नियमित संवाद से विद्यार्थियों का होगा विकास : डॉ. शर्मा



बहादुरगढ़। बैठक में अभिभावकों से चर्चा करती प्राध्यापक। फोटो : हरिभूमि

### वैश्य आर्य कन्या महाविद्यालय में पीटीएम में हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

शहर के वैश्य आर्य कन्या महाविद्यालय में शुक्रवार को अभिभावक-शिक्षक बैठक का सफल आयोजन किया गया। पीटीएम में अभिभावकों और शिक्षकों के बीच संवाद के दौरान छात्राओं की शैक्षणिक प्रगति, अनुशासन और समग्र विकास पर चर्चा की गई। कार्यक्रम का संयोजन इंटरनल क्वालिटी एश्योरेंस सेल प्रभारी सुजाता वर्मा द्वारा किया गया। कॉलेज प्राचार्या डॉ. राजवंती शर्मा ने कहा कि अभिभावकों और शिक्षकों के बीच नियमित संवाद से छात्राओं के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण योगदान मिलता है। उन्होंने कहा कि अभिभावक भी छात्राओं की समस्याओं व अभिरूचियों और प्रतिभा निखारने के विभिन्न पहलुओं व पारिवारिक पृष्ठभूमि पर खुलकर चर्चा करें। इससे न केवल छात्राओं की समस्याओं को समझने में मदद मिलेगी बल्कि इससे शिक्षण अधिगम प्रकिया को भी सफल बनाने में सहयोग मिलेगा। बैठक में आर्ट फैकल्टी से डॉ. कुसुम (इतिहास), डॉ. शालू शर्मा (अर्थशास्त्र), डॉ. मनजीत (हिंदी), प्रवेश दहिया (अंग्रेज़ी), रीना (भूगोल), नितेश (मनोविज्ञान), प्रीति (शारीरिक शिक्षा) व वर्षा आदि उपस्थित रहीं। वाणिज्य विभाग से सुजाता वर्मा, वंदना, रेशू, निकिता, रेनू तथा दिव्या उपस्थित रहीं। बीएससी विभाग से कोमल व वैशाली के अलावा स्नातकोत्तर विभाग से डॉ. भारती मिश्रा, डॉ. दीपिका, स्वीटी, ज्योति, तनुजा, सपना, काजल व शीतल आदि प्राध्यापिकाएं उपस्थित रहीं। बैठक के दौरान छात्राओं की शैक्षणिक प्रगति, अनुशासन और भविष्य की योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। अभिभावकों की सुविधा को मध्यनजर रखते हुए पीटीएम हाईब्रिड मोड पर रखी गई।

In the Court of Assistant Collector, 1st Grade, Bahadurgarh
Prem etc. Versus Ramesh etc.
Case No: 653/T, 654/T, 655/T, 656/T, 657/T
Khewat No. 340, 341, 342, 343, 344
Date of hearing: 08.04.2026
To, 1. Murti W/o Rampal S/o Kawar Singh, 2. Sunil S/o Ranvir S/o Rampal, 3. Sonia D/o Ranvir S/o Rampal, 4. Sanjay S/o Ram Kawar S/o Kawar Singh 5. Rani W/o Sher Singh S/o Maha Singh, 6. Dharampal S/o Maha Singh S/o Ram Kala, 7. Nita D/o Rampal S/o Kawar Singh, 8. Babli D/o Rampal S/o Kawar Singh All R/o Village Mandothi, Tehsil Bahadurgarh, Distt. Jhajjar
Whereas in the above noted case it has been proved to the satisfaction of this court that above named respondents are avoiding service of summons and cannot be served in the ordinary manner, therefore this publication is issued against the respondents name above to appear before this court on 08.04.2026 personally or through their counsel or failing which exparte proceedings shall be taken against them. Given under my hand and the seal of the court.
Sd/-AC 1st Grade, Bahadurgarh

कार्यालय नगर परिषद बहादुरगढ़
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अनिता (पत्नी), पूनम राठी (पुत्री), राजेश राठी (पुत्र) व प्रशांत राठी (पुत्र) स्व. राज सिंह निवासी मकान नंबर-831/11, दयानंद नगर,, बहादुरगढ़ द्वारा ऑनलाइन एनडीसी पोर्टल पर प्रॉपर्टी आईडी नंबर 3BQ5FVA7 वार्ड नंबर 16 कॉलोनी जटवाड़ा मौहल्ला जो कि नगर परिषद बहादुरगढ़ के प्रॉपर्टी टैक्स रिकार्ड में राज सिंह के नाम दर्ज है। राज सिंह की मृत्यु उपरांत अब नगर परिषद के रिकॉर्ड में उक्त आईडी नम्बर पर प्रार्थी के द्वारा वसीयत/वारसान प्रमाण पत्र के आधार पर अपना नाम तब्दील कराना चाहते हैं, जिसकी वसीयत/वारसान प्रमाण पत्र तहसीलदार बहादुरगढ़ द्वारा तसदीक नहीं की गई है।
अतः आम व खास को इस नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उक्त संपति नम्बर 3BQ5FVA7 वार्ड नम्बर 16 कॉलोनी जटवाड़ा मौहल्ला पर यदि कोई अन्य हकदार है या उक्त संपति पर किसी को कोई आपत्ति है तो वह सबूतों सहित इस नोटिस के प्रकाशन के 30 दिन के अंदर-अंदर नगर परिषद बहादुरगढ़ कार्यालय में आकर अपना दावा पेश करें। अन्यथा इस नोटिस का समय समाप्त होने पर यह संपत्ति नम्बर 3BQ5FVA7 85 वर्ग गज प्रार्थी अनिता (पत्नी), पूनम राठी (पुत्री), राजेश राठी (पुत्र) व प्रशांत राठी (पुत्र) स्व. राज सिंह के नाम से नगर परिषद बहादुरगढ़ के रिकार्ड में दर्ज कर दी जाएगी। जिसमें नगर परिषद बहादुरगढ़ की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।
हस्ता/-कार्यकारी अधिकारी, नगर परिषद बहादुरगढ़।

### सभी लंबित मांगों को लेकर तीन अप्रैल को उपायुक्त को सौंपेंगे ज्ञापन

# एलटीसी नियमों को लेकर रिटायर्ड कर्मचारियों में रोष

- 8वें वेतन आयोग का लाभ दिसंबर 2025 तक सेवानिवृत्त कर्मचारियों को नहीं देने का विरोध



झज्जर। बैठक के दौरान उपस्थित रिटायर्ड कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

रिटायर्ड कर्मचारी संघ की जिला इकाई की बैठक शुक्रवार को प्रधान दिलबाग सिंह दलाल की अध्यक्षता में हुई। बैठक का संचालन जिला सचिव देवेंद्र सिंह यादव द्वारा किया गया। बैठक में सरकार द्वारा जनवरी 2028 से लागू किए जाने वाले एलटीसी नियमों का विरोध किया गया। देवेंद्र सिंह यादव ने कहा कि केंद्र सरकार ने जो संसद में वित्त विधेयक पास किया है, उसमें 8वें वेतन आयोग का लाभ दिसंबर 2025 तक सेवानिवृत्त कर्मचारियों को नहीं देने की बात कहीं है। उन्होंने कहा कि निजी बसों में वरिष्ठ नागरिकों से पूरा किराया लिया जा रहा है, जिसका सभी रिटायर्ड कर्मचारी विरोध करते हैं। कर्मचारियों के साथ निजी बस संचालकों द्वारा अभद्र व्यवहार किया जाता है और कई बार उन्हें बस से नीचे भी उतार दिया जाता है। बैठक में सर्वसम्मत्ति से फैसला लिया गया कि आगामी तीन अप्रैल को इन सभी मांगों को लेकर उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा जाएगा। इस मौके पर धर्मपाल अहलावत, मास्टर रमेश जाखड़, राजीव राहड़, दलीप सिंह रावत, मास्टर महावीर सिंह, विष्णु दत्त जांगड़ा, राजेंद्र दलाल, जय प्रकाश गुप्ता, सुखबीर बेनीवाल व रोहताश सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

NEWTON SCHOOL
Estd.1988
Run & Managed by:
NEW HEIGHTS
School for Competition
Foundation for NEET, JEE, NDA, CLAT & Other Competitions
9991671999, 9991671888
NEWTON SCHOOL is well known for its outstanding academic results and higher standard of discipline.
Demo Classes for 11th
(Science, Commerce & Arts)
Starts From : 16th of March 2026 (Monday)
Time: 8 a.m. to 11:30 a.m
NEW HEIGHTS has given maximum number of selections in NEET, IIT & NDA.
10th Regular Classes
Starts From
16th of March 2026 (Monday)
12th Regular Classes
Starts From
24th of March 2026 (Tuesday)
Entrance Test – K.G. to 10th
Will be held on
22nd of March, 2026
29th of March, 2026
(Sunday)

## खबर संक्षेप

### अनाज मंडी में 29 को मनाया जाएगा महोत्सव

**बहादुरगढ़।** भगवान महावीर स्वामी के जन्मकल्याणक अवसर पर रविवार 29 मार्च को अनाज मंडी स्थित श्रीपारसनाथ भगवान पक्षी दाना स्थल एवं पांडुशिला पर भव्य महोत्सव मनाया जाएगा। यह जानकारी पांडुशिला समिति प्रधान सुनील जैन ने दी। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में जैन समाज से जुड़े लोग बढ़-चढ़कर भाग लेंगे। इस दौरान वर्धमान स्तोत्र पाठ भी होगा। सुबह साढ़े 6 बजे भगवान का अभिषेक, शांतिधारा व पूजन होगा और उसके बाद 7 बजे विधान प्रारम्भ होगा, जिसका समापन सुबह 11 बजे होगा। वहीं सायं 7 बजे भगवान महावीर की पूरे विधि-विधान के साथ आरती भी की जाएगी। दिल्ली से विधान आचार्य विमल जैन होंगे।

### गांव आसौदा में विवाहिता ने फंदा लगा दी जान

**बहादुरगढ़।** गांव आसौदा में फंदा लगाने से एक विवाहिता की मौत हो गई। कारण स्पष्ट नहीं है, मानसिक परेशानी की बात सामने आई है। असल पुष्टि जांच के बाद हो सकेगी। पुलिस ने पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू करा दी है। मृतका की पहचान करीब 22 वर्षीय राखी के रूप में हुई है। घटना वीरवार शाम की बताई जा रही है। किसी परिजन की नजर फंदे पर लटकी राखी पर गई तो उन्होंने उसे संभाला, लेकिन तब तक देर हो चुकी थी। अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने मौत की पुष्टि की। सूचना पाकर आसौदा चौकी से पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।

### मेट्रो स्टेशन के नीचे रक्तदान शिविर कल

**बहादुरगढ़।** सामाजिक सेवा की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए रविवार को शहर के ब्रिगेडियर होशियार सिंह मेट्रो स्टेशन के नीचे एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर नीमा बहादुरगढ़ व रेडक्रॉस झज्जर के सौजन्य से आयोजित किया जा रहा है। डॉ. दीपक ने बताया कि क्लीन एंड ग्रीन ट्रस्ट बहादुरगढ़ और जैन सेवा मंडल ट्रस्ट के सहयोग से आयोजित शिविर में 10 बजे से रक्त संचय शुरू हो जाएगा।

### 23 मार्च को निकाली जाएगी तिरंगा यात्रा

**बहादुरगढ़।** विद्यादान महादान ट्रस्ट की ओर से शहीदी दिवस पर 23 मार्च को शहर में सम्मान समारोह और तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जाएगा। ट्रस्ट के प्रमुख अजय ग्रेवाल ने बताया कि हर साल ट्रस्ट की ओर से 23 मार्च को कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। इसमें शहीदों के परिवारों को सम्मानित किया जाता है। इस बार भी कार्यक्रम होगा। शहीदों के परिवारों को सम्मानित किया जाएगा और तिरंगा यात्रा निकलेगी।

## किसानों ने जल्द सर्वे करवाकर मुआवजा देने की मांग की

# बारिश और तेज हवा से गेहूं की दस हजार एकड़ फसल बिछी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

हाल ही में तेज हवाओं और मौसम में बदलाव के चलते बहादुरगढ़ उपमंडल में गेहूं की फसल को भारी नुकसान पहुंचा है। बारिश और हवा के कारण लगभग 10 हजार एकड़ क्षेत्र में गेहूं की फसलें खेतों में बिछ गई हैं, जबकि सरसों की फलियों के दाने खेतों में बिखर गए हैं। किसानों ने प्रशासन से जल्द सर्वे करवकार मुआवजा देने की मांग की है।



बहादुरगढ़। बरसात और आंधी के बाद खेतों में पड़ी गेहूं की फसल।

खेतों में खड़ी पकी फसल गिरने से किसानों की चिंता बढ़ गई है। किसान अब विशेष गिरदावरी और मुआवजे की मांग कर रहे हैं। दरअसल, बहादुरगढ़ में मौसम के अचानक बदलने से किसानों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। बीते दो दिनों से चल रही तेज हवाओं और रात से सुबह तक हुई बारिश के कारण खेतों में खड़ी गेहूं की फसल जमीन पर गिर गई। इससे उत्पादन में भारी गिरावट की आशंका जताई जा रही है। किसानों के अनुसार इस समय फसल लगभग पूरी तरह पक चुकी थी और कटाई के लिए तैयार थी। वीरवार सुबह 8 बजे से शुक्रवार सुबह 8 बजे तक 7 मिलीमीटर बरसात दर्ज हुई है। जबकि शुक्रवार दोपहर तक 3 एमएम बरसात रिकॉर्ड हुई। बरसात के साथ तेज हवाओं के कारण फसल का गिरना सीधे तौर पर नुकसान का कारण बन गया है। कई गांवों में हालत यह है कि खेतों में फसल बिछी हुई दिखाई दे रही है, जिससे कटाई करने में परेशानी होगी। वहीं कृषि विभाग के अधिकारियों ने प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण शुरू कर दिया है और वास्तविक नुकसान का आंकलन किया जा रहा है। किसानों को सलाह दी गई है कि वे खेतों से अतिरिक्त पानी की निकासी सुनिश्चित करें और गिर चुकी फसल को संभालने के लिए उचित उपाय अपनाएं। किसान धर्मवीर राठी, विजय दलाल, हरी सिंह और दिनेश राठी का कहना है कि इससे पहले हुई बारिश से वे अभी तक उबर नहीं पाए थे। अब दोबारा हुए नुकसान ने उनकी आर्थिक स्थिति को कमजोर कर दिया है। उनका कहना है कि अगर आगे भी मौसम ऐसा ही रहा तो नुकसान और बढ़ सकता है। किसान राजपाल, नरेश व धर्मपाल ने बताया कि खेती ही उनके परिवार की आजीविका का मुख्य साधन है। फसल खराब होने से उनके सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। उन्होंने सरकार से जल्द नुकसान का आकलन कर मुआवजा देने की मांग की है।

### दिनभर रुक-रुक कर होती रही बारिश, फसलों को भारी नुकसान, जलभराव से बढ़ी लोगों की परेशानी



**झज्जर।** शुक्रवार दिन की शुरुआत हल्की बारिश और तेज हवाओं के साथ हुई, जिसके कारण जनजीवन पूर्णतया प्रभावित रहा और लोगों को दिनचर्या के कार्य निपटाने में भी परेशानियों का सामना करना पड़ा। सबसे ज्यादा परेशानी नौकरीपेशा लोगों और स्कूल कॉलेज जाने वाले विद्यार्थियों को हुई। जिन्हें अपने संस्थानों में पहुंचने में काफी दिक्कत हुई। विशेषज्ञ आगामी दिनों में भी मौसम परिवर्तनशील रहने का अनुमान लगा रहे है। उधर, बरसात के कारण शहर के सीताराम गेट और अग्रसेन चौक क्षेत्र में जलभराव हो गया। जिसके कारण राहगीरों और वाहन चालकों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। बरसात और तेज हवाओं के कारण फसलों को भारी नुकसान हो रहा है। गेहूं की फसल नीचे बिछ गई है। जिसके कारण पैदावार कम होने की आशंका है। किसानों को डर सताने लगा है कि कहीं पूरी फसल ही खराब न हो जाए। बरसात से सरसों की फसल को भी नुकसान हुआ है।

### दाने भरने की प्रक्रिया होगी प्रभावित



उपमंडल कृषि अधिकारी डॉ. सुनील कौशिक ने बताया कि इस स्थिति में फसल के दाने भरने की प्रक्रिया प्रभावित होती है, जिससे उत्पादन में गिरावट आ सकती है। जिन खेतों में पानी की अधिकता या तेज हवाओं का प्रभाव रहा, वहां नुकसान ज्यादा देखा गया है। शुरुआती अनुमान के अनुसार उपमंडल में करीब 10 हजार एकड़ गेहूं की फसल गिर गई है। विभाग की टीम खेतों का सर्वे कर वास्तविक नुकसान का आंकलन करेगी, जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

-डॉ. सुनील कौशिक, एसडीओ बहादुरगढ़



## यूपीएससी परीक्षा पास करने वाली राखी दलाल का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की सिविल सेवा परीक्षा में 65वीं रैंक हासिल करने वाली राखी दलाल का आईएएस अधिकारी हिमांशु जैन के सेक्टर-6 स्थित निवास पर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में हिमांशु जैन के पिता पवन जैन ने उनका स्वागत किया। इसके अलावा अग्रवाल मैत्री संघ के प्रधान अशोक गोयल, संस्थापक राजवीर बंसल, नरेश बंसल, हरिकिशन गुप्ता तथा आईएएस अधिकारी शिवांश राठी के पिता रविंद्र राठी के अलावा विक्रांत जैन भी उपस्थित रहे। सभी ने राखी दलाल को उनकी इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही राखी के पिता यशवंत दलाल और पति लविश चौधरी का भी स्वागत किया।




बहादुरगढ़। पोडियम पर अन्य पदक विजेताओं के साथ सुखचैन धनखड़।

### भुवनेश्वर में सुखचैन धनखड़ ने जीता गोल्ड मेडल

**बहादुरगढ़।** जिले के गांव गोयला कलां के रहने वाले सुखचैन धनखड़ आज अपने संघर्ष और मेहनत से पैरा एथलेटिक्स में नई पहचान बना रहे हैं। साल 2016 में एक गंभीर सड़क दुर्घटना में उनकी रीढ़ (स्पाइन) में फ्रैक्चर हो गया था, जिसने उनकी जिंदगी को पूरी तरह बदल दिया। लेकिन उन्होंने हार मानने के बजाय इसे अपनी ताकत बना लिया। भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम में आयोजित 24वीं नेशनल पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में सुखचैन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जैवलिन थ्रो की एफ-55 कैटेगरी में स्वर्ण पदक हासिल किया। उन्होंने 31.18 मीटर का थ्रो कर 12 राज्यों से आए खिलाड़ियों को पछाड़ते हुए पहला स्थान प्राप्त किया। बता दें कि सुखचैन पिछले 5 वर्षों से रोहतक के राजीव गांधी स्टेडियम में कोच सुनील फोगाट के मार्गदर्शन में नियमित अभ्यास कर रहे हैं। हाल ही में दिल्ली में आयोजित वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स ग्रांड प्रिक्स में उन्होंने जैवलिन थ्रो में स्वर्ण और डिस्कस थ्रो में रजत पदक जीता था। इसके अलावा नेशनल गेम्स में भी 4 पदक अपने नाम कर चुके हैं। सुखचैन ने बताया कि वर्ष-2016 में सड़क दुर्घटना के दौरान रीढ़ की हड्डी में गंभीर चोट लगने के बाद उनके पैरों ने काम करना बंद कर दिया था, जिसके बाद से वे व्हीलचेयर पर हैं। इस चुनौती के बावजूद उन्होंने खेलों को अपनाया और परिवार के सहयोग से खुद को स्थापित किया। उसके भाई सुरेंद्र और सन्नी लगातार उसकी मदद करते हैं। सुखचैन के पिता तेजवीर सिंह किसान हैं और बेटे को खेलों में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते रहते हैं। उनकी इस उपलब्धि से परिवार, गांव और खेल प्रेमियों में खुशी का माहौल है। अब सुखचैन की नजर अक्टूबर में जापान में होने वाली एशियन पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप पर है, जहां वे देश के लिए पदक जीतने के लक्ष्य के साथ तैयारी कर रहे हैं।



झज्जर। डिजिटल लाइब्रेरी का शुभारंभ करतीं पुलिस कमिश्नर डॉक्टर राजश्री सिंह।

## पुलिस लाइन में बच्चों के लिए खुली लाइब्रेरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

शुक्रवार को स्थानीय पुलिस लाइन परिसर में पुलिस कमिश्नर डॉ. राजश्री सिंह ने आधुनिक सुविधाओं से लैस विक्रमादित्य डिजिटल लाइब्रेरी का शुभारंभ किया।

उन्होंने बताया कि पुलिस लाइन में पहले ऐसा कोई स्थान नहीं था, जहां बच्चे आराम से बैठकर पढ़ाई कर सकें। इसके चलते डिजिटल लाइब्रेरी बनाने का विचार सामने आया ताकि बच्चों को शांत, सुरक्षित और आधुनिक माहौल में पढ़ने का अवसर मिल सके। उन्होंने कहा कि इस लाइब्रेरी में बच्चों को अच्छी किताबों के साथ-साथ डिजिटल संसाधन भी उपलब्ध कराए जाएंगे। यहां बच्चों के लिए लैपटॉप, आईपैड और कंप्यूटर जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। इससे वे प्रतियोगी परीक्षाओं की बेहतर तैयारी कर सकें।

उन्होंने कहा कि आधुनिक दौर में इस तरह की पहल युवाओं को आगे बढ़ने में काफी मददगार साबित होगी। इस मौके पर डीसीपी हेडक्वार्टर जसलीन कौर, डीसीपी मयंक मिश्रा, डीसीपी क्राइम अमित दहिया, एसीपी अनिरुद्ध चौहान, एसीपी अनिल कुमार, एसीपी प्रदीप नैन सहित अन्य भी मौजूद रहे।

## कटरा एक्सप्रेस-वे पर ट्रालों की भिड़ंत, चालक व क्लीनर की मौत

■ कई घंटे की मशक्कत के बाद कैबिन काटकर शवों को बाहर निकाला जा सका




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

जम्मू-कटरा एक्सप्रेस-वे पर गांव निलोठी के पास गुरुवार रात को दर्दनाक हादसा हो गया। यहां दो ट्रालों की भीषण टक्कर हो गई। हादसे में एक ट्राले में सवार चालक व क्लीनर की मौके पर ही मौत हो गई। कई घंटे की मशक्कत के बाद कैबिन काटकर शवों को बाहर निकाला जा सका।

मृतकों की पहचान 26 वर्षीय गुरमीत निवासी मोरजंड सांगरिया, हनुमानगढ़, राजस्थान तथा लवप्रीत निवासी बठिंडा, पंजाब के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, गुरमीत ट्राले में बनारस से कोयला लोड कर अमृतसर के लिए चला था। कंडक्टर सीट पर लवप्रीत बैठा हुआ था। रात करीब ढाई बजे जब ये कटरा एक्सप्रेस-वे पर निलोठी के पास पहुंचे तो यहां एक ट्राले से इनके ट्राले की टक्कर हो गई। राहगीरों ने देखा तो पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। शुक्रवार की सुबह हाइड्रा व क्रेन आदि के जरिये दोनों वाहन अलग किए गए।

मौके पर बने हालात हादसे की भयावता दर्शा रहे थे। गुरमीत के ट्राले का कैबिन पूरी तरह से क्षतिग्रस्त होकर पिचक गया था। दोनों शवों को कैबिन काटकर बाहर निकाला और नागरिक अस्पताल में भेजा गया। सूचना पाकर राजस्थान से ट्रांसपोर्ट कंपनी का मालिक व मृतकों के परिजन बहादुरगढ़ पहुंचे और पुलिस ने उनके बयान लिए। बयान के बाद पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कराई जा सकी। रात को मौसम भी खराब था। संभवतः खराब मौसम व अंधेरे के चलते हादसे की आशंका है। हादसे के लिए दूसरे ट्राले के चालक को जिम्मेदार ठहराया गया है। शिकायतकर्ता गौरव मित्तल का कहना है कि उनकी फर्म



जगशीला लॉजिस्टिक नाम से है। फर्म की गाड़ी पर गुरमीत ड्राइवर व लवप्रीत क्लीनर था। आगे चल रहे ट्राले के या तो अचानक ब्रेक लगे हैं या वह बिना रिफ्लेक्टर या इंडिकेटर चालू किए सड़क किनारे खड़ा किया गया था। वहीं, आसौदा थाना पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी चालक की तलाश शुरू कर दी है।

### प्रतिभागी महिलाओं को सिखाए आत्मरक्षा के गुर



बहादुरगढ़। आत्मरक्षा के गुर का अभ्यास करती महिलाएं।

**बहादुरगढ़।** शुक्रवार को आईडीटीआर सेंटर में आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य सिपाही टीना ने प्रतिभागी महिलाओं को विभिन्न आत्मरक्षा तकनीकों का प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण के दौरान महिलाओं को शारीरिक संतुलन, त्वरित प्रतिक्रिया और संकट की स्थिति में स्वयं को सुरक्षित रखने के उपाय सिखाए। मुख्य सिपाही टीना ने बताया कि आत्मरक्षा केवल शारीरिक शक्ति का नहीं, बल्कि मानसिक सतर्कता और आत्मविश्वास का भी विषय है। उन्होंने सरल और प्रभावी तकनीकों के माध्यम से यह समझाया कि किस प्रकार किसी भी आपात स्थिति में खुद को सुरक्षित रखा जा सकता है। प्रतिभागियों को जोड़ों में अभ्यास करवाया गया, जिससे वे वास्तविक परिस्थितियों में इन तकनीकों को लागू करना सीख सकें।

### पेंसिल देती है गलती सुधारने का मौका : जय विकास



झज्जर। कार्यक्रम में निदेशक जय विकास के साथ उपस्थित विद्यार्थी।

**झज्जर।** पेस संस्थान द्वारा शुक्रवार को फन डे का आयोजन किया गया। नर्सरी से सातवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों की वार्षिक परीक्षाओं के समापन के उपलक्ष्य में आयोजित इस कार्यक्रम में संस्थान निदेशक जय विकास ने नर्सरी से चौथी कक्षा तक के विद्यार्थियों को पेंसिल तथा पांचवीं से सातवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों को कलम भेंट की। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि पेंसिल गलती सुधारने का मौका देती है, लेकिन कलम हमें सिखाती है कि अब हर कदम सोच-समझकर उठाना है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि यही कलम एक दिन उनके सपनों को हकीकत में बदलेगी और नई ऊंचाइयों तक ले जाएगी। फन डे के दौरान विद्यार्थियों ने झूलों, नृत्य और खेलों के माध्यम से खुशियां मनाईं। इस मौके पर संस्थान के चेयरमैन युद्धवीर, प्रबंध निदेशक हरीश, संदीप व सुमित चावला सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

## नवरात्र के दूसरे दिन मां के ब्रह्मचारिणी स्वरूप का किया पूजन

# मां भीमेश्वरी देवी मंदिर में दिनभर गूंजे मां के जयकारे

शुक्रवार को हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने घंटों कतारबद्ध होकर माता के दर्शन किए





हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

नवरात्र के दूसरे दिन श्रद्धालुओं ने मां के ब्रह्मचारिणी स्वरूप की पूजा अर्चना करते हुए अपने परिवार की सुख समृद्धि की कामना की। बारिश होने के बावजूद मंदिरों में श्रद्धालुओं की खूब भीड़ रही। वहीं बेरी स्थित मां भीमेश्वरी देवी मंदिर में निरंतर श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ रही है। शुक्रवार को हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने घंटों कतारबद्ध होकर माता के दर्शन किए। दिनभर मंदिर परिसर और गली-मोहल्लों में मां के जयकारे गूंजते रहे।

वहीं, श्रद्धालुओं ने मंदिर परिसर में बने तालाब से मिट्टी छांटने की परपंरा का भी निर्वहन किया। इसके अलावा प्रशासनिक स्तर पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। सुरक्षा के दृष्टिगत मंदिर परिसर में सीसीटीवी लगाए गए हैं। वहीं पुलिस बल भी तैनात किया गया है। प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं को बहुत सी सुविधाएं प्रदान की गई हैं।

### मां ब्रह्मचारिणी की पूजा से तप, त्याग, धैर्य और संयम की मिलती है शक्ति : नवराज

**बहादुरगढ़।** चैत्र नवरात्रि के दूसरे दिन शहर भर के मंदिरों में मां ब्रह्मचारिणी की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। सुबह से ही श्रद्धालुओं की मंदिरों में भीड़ देखने को मिली, जहां भक्तों ने मां के चरणों में दीप, धूप और पुष्प अर्पित कर सुख-समृद्धि की कामना की। शहर के प्रमुख मंदिरों में विशेष सजावट की गई थी और भजन-कीर्तन का आयोजन भी हुआ। वातावरण पूरी तरह भक्तिमय बना रहा और जय माता दी के जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। पंडित महेंद्र शर्मा ने बताया कि नवरात्रि के दूसरे दिन मां ब्रह्मचारिणी की पूजा का विशेष महत्व माना जाता है। इस दिन मां के तप और संयम के स्वरूप की आराधना की जाती है। श्रद्धालुओं ने व्रत रखकर मां की भक्ति में लीन होकर पूजा-अर्चना की और परिवार की खुशहाली की कामना की। पंडित नवराज पंत के अनुसार मां ब्रह्मचारिणी की पूजा करने से व्यक्ति को तप, त्याग, धैर्य और संयम की शक्ति प्राप्त होती है। वहीं, श्रद्धालुओं का मानना है कि सच्चे मन से मां की आराधना करने से सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।